भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †1430

दिनांक 28/07/2026 को उत्तरार्थ

संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान

†1430. श्री प्रदीप पुरोहितः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः
श्री राधेश्याम राठियाः
श्री मनोज तिवारीः
श्रीमती कमलजीत सहरावतः
श्री सुरेश कुमार कश्यपः
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावतः
श्री देवुसिंह चौहानः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंचायत राज संस्थाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए 'संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' (आरजीएसए) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सहित राज्यवार और जिलेवार प्राप्त की गई उपलब्धियां क्या हैं, साथ ही प्रशिक्षित निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों की संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में इस योजना के अंतर्गत ओडिशा को जारी की गई निधि कितनी है, साथ ही ओडिशा और हिमाचल प्रदेश सहित राज्यवार और ज़िलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) 'पीपल्स प्लान कैंपेन' के अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने में ओडिशा और हिमाचल प्रदेश सहित राज्यवार और ज़िलेवार तथा शिमला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ज़मीनी स्तर पर शासन को सुदृढ़ करने में 'इंस्टीट्यूट ऑफ़ रूरल मैनेजमेंट, आणंद' (आईआरएमए) द्वारा किए गए इस योजना के स्वतंत्र मूल्यांकन के क्या परिणाम हैं?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) पंचायत, "स्थानीय स्वशासन" होने के चलते, राज्य का विषय है। हालाँकि, पंचायती राज मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2022-23 से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की केंद्र प्रायोजित योजना को लागू कर रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आरजीएसए योजना के तहत प्रशिक्षित प्रतिभागियों की हिमाचल प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधि और पंचायत पदाधिकारी शामिल हैं, **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान ओडिशा और हिमाचल प्रदेश को जारी की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

(रुपये करोड़ में)

राज्य	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
ओडिशा	27.33	20.00	62.24
हिमाचल प्रदेश	19.31	27.21	14.00

नोट: संशोधित आरजीएसए के तहत धनराशि जिला-वार नहीं, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार जारी की जाती है।

(ग) योजना वर्ष 2025-26 के दौरान, ग्राम पंचायत विकास योजनाएँ तैयार करने के लिए जन योजना अभियान के तहत हुई प्रगति का ओडिशा और हिमाचल प्रदेश राज्यों (जिसमें शिमला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है) सहित राज्य और ज़िला-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(घ) आरजीएसए क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का आकलन करने और पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सुधारात्मक उपाय सुझाने के उद्देश्य से, ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आनंद (आईआरएमए) के माध्यम से संशोधित आरजीएसए का बाह्य मूल्यांकन किया गया है। इस मूल्यांकन से पता चलता है कि संरचित योजना, बहु-स्तरीय क्षमता-निर्माण, जिसमें क्लासरूम/विषय-आधारित मॉड्यूल, एक्सपोज़र दौरे और डिजिटल शिक्षण शामिल हैं, से पंचायत संचालन, योजना और कार्यान्वयन (जीपीडीपी सहित), डिजिटल शासन, नागरिकों की भागीदारी और वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्रों में पीआरआई की क्षमताओं को बढ़ाया गया है। प्रशिक्षण के बाद किए गए मूल्यांकन से जानकारी और कार्य-प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किए गए हैं, जो अधिक प्रभावी स्थानीय शासन और एसडीजी के स्थानीयकरण में सहायक हैं।

****

अनुलग्नक-I

"संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1430** उत्तर दिनांक **28.07.2026** के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश सहित संशोधित आरजीएसए के तहत निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों सहित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र. स.	राज्य	2023-24	2024-25	2025-26
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2865	5221	6354
2	आंध्र प्रदेश	165001	325643	575492
3	अरुणाचल प्रदेश	6138	12344	15318
4	असम	348183	144936	173782
5	बिहार	163809	435896	275560
6	छत्तीसगढ़	163292	90559	182705
7	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	1000	1073	3528
8	गोवा	3548	4519	3596
9	गुजरात	1938	90368	22806
10	हरियाणा	12431	11909	106603
11	हिमाचल प्रदेश	92458	120455	13453
12	जम्मू और कश्मीर	350026	82534	53912
13	झारखंड	54056	135817	134636
14	कर्नाटक	363317	321380	284030
15	केरल	149153	129632	94601
16	लद्दाख	0	26	6400
17	मध्य प्रदेश	86884	242279	345621
18	महाराष्ट्र	984321	363111	124409
19	मणिपुर	5591	195	6739

20	मेघालय	74410	78537	89151
21	मिज़ोरम	9800	9841	23675
22	नागालैंड	3435	4725	7758
23	ओडिशा	160774	279505	301680
24	पुदुच्चेरी	0	0	50
25	पंजाब	13359	122848	220862
26	राजस्थान	96389	71795	407326
27	सिक्किम	11249	6709	10548
28	तमिलनाडु	101513	78490	80135
29	तेलंगाना	2441	1701	105948
30	त्रिपुरा	63715	54228	75613
31	उत्तराखंड	82712	22342	101331
32	उत्तर प्रदेश	144374	76302	525719
33	पश्चिम बंगाल	272762	228081	191971
	एनआईआरडीपीआर और अन्य	1438	1941	2,179
	कुल	**39,92,382**	**35,54,942**	**45,73,491**

स्रोत: प्रशिक्षण प्रबंधन पोर्टल के अनुसार

अनुलग्नक-II

"संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1430** जिसका उत्तर दिनांक **28.07.2026** को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

ओडिशा और हिमाचल प्रदेश राज्यों सहित योजना वर्ष 2025-26 के दौरान ईग्रामस्वराज पर अपलोड किए गए जीपीडीपी/बीडीपीडी/डीपीपीडी की स्थिति

योजना वर्ष : 2025-2026							
क्र. स.	राज्य का नाम	जिला पंचायत और समकक्ष		ब्लॉक पंचायत और समकक्ष		ग्राम पंचायत और समकक्ष	
		जिला पंचायत की संख्या	अपलोड की गई ज़िला पंचायत विकास योजना	ब्लॉक पंचायत की संख्या	अपलोड की गई ब्लॉक पंचायत विकास योजना	ग्राम पंचायत की संख्या	अपलोड की गई ग्राम पंचायत विकास योजना
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	2	0	14	0	70	67
2	आंध्र प्रदेश	13	13	660	660	13327	13320
3	अरुणाचल प्रदेश	27	16	0	0	2108	2089
4	असम	30	25	182	172	2664	2118
5	बिहार	38	38	534	533	8052	8053
6	छत्तीसगढ़	33	33	146	146	11693	11651
7	गोवा	2	2	0	0	191	191
8	गुजरात	34	33	265	242	14632	13811
9	हरियाणा	22	21	143	143	6230	6221
10	हिमाचल प्रदेश	12	12	92	81	3765	3611
11	जम्मू और कश्मीर	20	0	285	0	4291	4291
12	झारखंड	24	23	264	263	4345	4343
13	कर्नाटक	31	0	238	0	5949	5940
14	केरल	14	14	152	152	941	941

15	लद्दाख	2	0	31	0	193	191
16	लक्षद्वीप	1	0	0	0	10	0
17	मध्य प्रदेश	52	47	313	306	23011	22974
18	महाराष्ट्र	34	34	351	350	28044	27902
19	मणिपुर	12	6	0	0	3811	161
20	मेघालय	3	0	0	0	0	0
21	मिजोरम	0	0	0	0	855	816
22	नागालैंड	0	0	0	0	1334	0
23	ओडिशा	30	30	314	313	6794	6794
24	पुदुच्चेरी	0	0	10	0	108	0
25	पंजाब	23	22	155	150	13236	13230
26	राजस्थान	37	32	361	347	13129	11174
27	सिक्किम	6	6	0	0	199	199
28	तमिलनाडु	36	36	388	388	12482	12395
29	तेलंगाना	32	30	570	565	12849	12751
30	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	3	0	0	0	50	38
31	त्रिपुरा	9	9	75	75	1194	1193
32	उत्तराखंड	13	13	95	95	7817	7777
33	उत्तर प्रदेश	75	75	826	825	57694	57683
34	पश्चिम बंगाल	23	22	345	345	3339	3337
कुल		693	592	6809	6151	264407	255262

http://egramswaraj.gov.in

रिपोर्ट दिनांक 13.07.2026 को 03:38:16 अपराह्न में तैयार की गई है और राज्य पंचायती राज विभागों और पंचायतों द्वारा डेटा दर्ज और प्रबंधित किया जाता है।

****